# ऑनलाइन व्हाट्सएप के जरिए अध्ययन करें विद्यार्थी : डॉ. एन.बी.सिंह

जन एक्सप्रेस/प्रदीप शर्मा

**कानपुर नगर।** कोरोना ने वैश्विक संकट का रूप ले लिया है और भारत भी इससे अछूता नहीं है देश के कई राज्यों केरल, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, पंजाब, यू.पी., बिहार आदि राज्यों में कोरोना संक्रमित मरीज पाए जाने पर एहतियात के तौर पर प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय लॉक डाउन की घोषणा 14 अप्रैल तक कर दी है और इस दौरान लोगों के घरों से निकलने पर रोक लगा दी है इसके पीछे यही कारण है कि घरों में रहकर एवं सोशल डिस्टेंस बनाकर ही इसके फैलाव को रोका जा सकता है यह बात छात्रों को संबोधित करते हुए एचबीटीयू के कुलपति डॉ. एन.बी.सिंह ने कही। उन्होंने बताया कि भारत के लिए भी कोरोना एक संकट बना हुआ है और जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि इससे बचाव से ही इसके संक्रमण पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि राष्ट्रीय लॉक डाउन ऐसे समय पर हुआ है जब उनका पठन-पाठन शीर्ष स्तर पर रहता है लेकिन उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है । उन्होंने छात्रों को आनलाइन अध्ययन के लिए तैयार



रहने को कहा है । उनका यह भी कहना था कि शिक्षकों को इसके लिए दिशानिर्देश जारी किए जा चुके हैं और इस तरह विद्यार्थी ऑनलाइन व्हाट्सएप के जरिए अध्ययन करते हुए लॉक डाउन का पूरा सदुपयोग कर सकते हैं उन्होंने कहा कि अफवाहों पर ध्यान ना दें और लॉक डाउन का सहयोग करें। विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. मनोज शुक्ला ने छात्रों से घर से बाहर ना निकलने और ऑनलाइन माध्यमों से अध्ययन करने के लिए कहा। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. राम नरेश ने सभी छात्रों को मास्क व सेनेटाइजर का प्रयोग करने को कहा है। उन्होंने आवश्यकतानुसार बाहरी लोगो से न्यूनतम 1 मीटर सोशल डिस्टेंस का प्रयोग का प्रयोग करने की सलाह दी।